ग्वालियर हलचल

सान्ध्य दैनिक

वर्ष	अंक	ग्वालियर	गुरूवार	पेज	मूल्य	R.N.I. No.
19	264	(मध्यप्रदेश)	24 सितम्बर 2020	12	3 रुपए	MPHIN/2001/5175

ग्वालियर हलचल को इन्टरनेट पर पढ़ें

www.gwaliorhulchal.com

शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1100 अंक टूटा, निफ्टी भी धड़ाम

नई दिल्ली, 24 सितम्बर(ए.)। शेयर बाजार की हालत एक बार फिर मार्च महीने जैसी हो गई है. बीते कुछ दिनों में शेयर बाजार में जबरदस्त बिकवाली का दौर देखने को मिल रहा है. सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1100 अंक की गिरावट के साथ 36,550 अंक के स्तर पर आ गया. निफ्टी की बात करें तो 350 अंक की गिरावट के साथ 10,800 अंक के नीचे लुढ़क गया. कारोबार के दौरान बीएसई इंडेक्स के सभी शेयर लाल निशान पर थे. कारोबार के (शेष पेज 4 पर)

विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ से राष्ट्रीय ध्वज गायब

ग्वालियर में फालका बाजार दुकानदार संघ के अध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता(बबलू) ने यह फोटो ग्वालियर हलचल को उपलब्ध कराया है। उनका कहना है कि कटोराताल रोड़ पर कुछ वर्ष पूर्व स्थापित किए विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ से राष्ट्रीय ध्वज गायब है। श्री गुप्ता का कहना है कि जिस सामाजिक संस्था ने इस राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ को स्थापित किया था , उसे इसका रख-रखाव भी करना चाहिए था।

मालूम हो कि तत्कालीन ग्वालियर महापौर समीक्षा गुप्ता ने विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ का अनावरण किया था।

समाचार संकलन: ग्वालियर हलचल

कंगना मामले में कोर्ट ने बीएमसी को फटकारा- तोड़ने में समय नहीं लगा-जवाब में क्यों?

मुंबई, 24 सितम्बर(ए.)। कंगना रनौत दफ्तर मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई जारी है. हाई कोर्ट ने मुंबई में गिरती इमारतों को लेकर BMC को फटकार लगाई है. हाईकोर्ट ने BMC से कहा है कि मानसून में आप टूटी इमारत इस तरह नहीं छोड़ सकते हैं. कोर्ट ने BMC से कहा है कि वैसे तो आप तेज हैं लेकिन इस मामले में सुस्ती दिखाई.सुनवाई के दौरान BMC अफसरों और संजय राउत ने अपनी बात वकीलों के जरिए कही जबकि कंगना का पक्ष उनके वकील प्रदीप थोराट रख रहे थे. बीएमसी का पक्ष रख रहे वकील ने कहा कि उन्हें जवाब देने के लिए दो दिन का समय चाहिए जिस पर जस्टिस कठावला भड़क गए. उन्होंने कहा कि किसी का घर तोड़ दिया गया है और हम उस ढांचे को बरसात के मौसम में ऐसे ही नहीं पड़ा रहने दे सकते.

कोर्ट ने कहा कि यूं तो आप बहुत तेज हैं लेकिन जब आप पर आरोप लगते हैं और जवाब मांगा जाता है तो आप पांव खींचने लगते हैं. कोर्ट कल दोपहर 3 बजे इस मामले की सुनवाई करेगा. बता दें कि जज याचिका के ठीक नहीं होने पर नाराजगी दिखाते नजर आए जिस पर कंगना का पक्ष रख रहे एडवोकेट बीरेन सराफ ने माफी मांगी और कहा कि इसे जल्दी से जल्दी ठीक किया जाएगा.

बता दें कि कंगना ने मुंबई में इमारत के गिरने के बाद इस मामले में सुबह ही ट्वीट किया था. उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, उद्धव ठाकरे, संजय राउत और बीएमसी. जब मेरा घर गैर कानूनी तरीके से तोड़ रहे थे, उस वक्त उतना ध्यान इस बिल्डिंग पर दिया होता तो आज यह लगभग पचास लोग (शेष पेज 10 पर)

घरेलू नल कनेक्शन से जलापूर्ति की हो रही कारगर पहल,11 जिलों की नलजल योजना पर होंगे ढ़ाई अरब से अधिक खर्च

ग्वालियर हलचल संवाददाता

भोपाल ,24 सितम्बर(ए.)। सभी के घर नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति हो और किसी को अपनी जरूरत अनुसार जल के लिए यहाँ-वहाँ नही जाना पड़े इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पूरी तत्परता से ग्रामीण क्षेत्र के लिये पेयजल की सुदृढ़ व्यवस्था पर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में ग्वालियर, मुरैना तथा सागर संभाग के 11 (शेष पेज 12 पर)

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 5 करोड़ से अधिक का अनियमित व्यय किया

विधानसभा की पब्लिक अकाउंट कमेटी करेगी जवाब-तलब

प्रदीप मांढरे

ग्वालियर हलचल

ग्वालियर/भोपाल,24 सितम्बर । भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (सीएजी) के अन्तर्गत भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (इंडियन ऑडिट एण्ड एकाउण्ट डिपार्टमेंट) ने मध्यप्रदेश के विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग में 5 करोड़ , 77 लाख रूपयों का अनियमित व्यय पाया है। विधानसभा की पब्लिक एकाउण्ट कमेटी (लोक लेखा समिति)इस नियम विरुध्द कार्य पर प्रदेश के निर्वाचन अधिकारी, विधि एव विधायी कार्य विभाग के शीर्ष अधिकारी से जवाब-तलब करेगी।

मध्यप्रदेश विधानसभा में 21 सितम्बर को प्रस्तुत लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के मुताबिक भारत के निर्वाचन आयोग ने वोटिंग कम्पार्टमेंट के उपयोग पर एकरूपता के संबंध में सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को नवम्बर 2016 में निर्देश जारी कर यह निर्धारित किया था कि वोटिंग कम्पार्टमेंट केवल स्टील ग्रे रंग की कोरुगेटिड प्लास्टिक शीट (फ्लेक्स बोर्ड) से जो अपारदर्शी एवं पुनः उपयोग किये जाने योग्य है, बनाया जाना चाहिए।

चार जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों के अभिलेखों की संवीक्षा(फरवरी 2018 से मार्च 2018), एकत्रित जानकारी(नवम्बर 2018) एवं 15 जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा वोटिंग कम्पार्टमेंट के उपार्जन के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी (जनवरी 2019) से पता चला कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी , मध्यप्रदेश ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कोरुगेटिड प्लास्टिक शीट के बजाय पी.वी.सी फोम(आईटम कोड-एसएमएम 169204) से बने वोटिंग कम्पार्टमेंट मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपीएलयूएन)से क्रय करने के अनुदेश (फरवरी 2017 एवं अप्रैल 2017)जारी किये थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किये गए अनुदेशों (शेष पेज 12 पर)

जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की कुलपति डॉ.संगीता शुक्ला ने आज बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी इन्टरनेशनल कम्युनिकेशन सेण्टर का कल 25 सितम्बर को लोकार्पण करेंगे।

अब 1 साल पर भी मिलेगी ग्रेच्युटी

(पेज 12 पर)

नरोत्तम को अभी आगे बढ़ना है , सत्ता के नशे से दूर रहें

(पेज 4 पर)